दिन– शनिवार दिनांक– 21 / 12 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. उपमुख्यमंत्री सह वित्त मंत्री सम्राट चौधरी ने बजट पूर्व मांग पत्र में पीएम गतिशक्ति रेलवे विश्वविद्यालय बनाने और फिल्म सिटी निर्माण के लिए बजटीय समर्थन की मांग की।

02. भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने कहा– आंदोलन कर रहे बीपीएससी अभ्यर्थियों के साथ न्यायपूर्ण व्यवहार होना चाहिए।

03. सहकारिता मंत्री प्रेम कुमार ने कहा– प्रदेश की सब्जियों को अन्तर्राष्ट्रीय बाजार मिलेगा। इसके लिए राज्य सरकार बना रही है सभी प्रखंडों में सब्जी केन्द्र।

04. और, नालंदा में तीन दिवसीय राजगीर महोत्सव शुरू। महोत्सव के दौरान **जहां नारी–वहां विजय** थीम पर आधारित कई कार्यक्रमों का हो रहा है आयोजन।

————————————————————

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन की अध्यक्षता में आज राजस्थान के जैसलमेर में जीएसटी परिषद की पचपनवीं बैठक संपन्न हो गयी। बैठक में उपमुख्यमंत्री सह वित्त मंत्री सम्राट चौधरी और विभिन्न राज्यों के वित्त मंत्री शामिल हुये। बैठक में जीएसटी और कर दरों से जुड़े कई अहम मुद्दों पर चर्चा हुई।

————————————————————

केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन ने जीएसटी बैठक से पहले विभिन्न राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों के वित्त मंत्रियों के साथ बजट पूर्व बैठक की। इस मौके पर वित्त मंत्री सह उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने वर्ष दो हजार पच्चीस–छब्बीस के बजट के लिए बिहार से जुड़ा एक मांग पत्र केन्द्रीय वित्त मंत्री को सौंपा। मांग पत्र में राज्य के आर्थिक विकास से जुड़े विभिन्न क्षेत्रों में केन्द्रीय मदद बढ़ाने और कुछ विशेष परियोजनाओं के लिए बजटीय समर्थन देने का अनुरोध किया है। श्री चौधरी ने मांग पत्र में मुंगेर के जमालपुर में पीएम गतिशक्ति रेलवे विश्वविद्यालय बनाने की मांग की है। उन्होंने प्रदेश में दस नये केन्द्रीय विद्यालय खोलने और विक्रमशीला विश्वविद्यालय के पुनरूद्धार की भी मांग की है। वित्त मंत्री ने प्रदेश के समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को जीवंत बनाने के लिए बिहार में फिल्म सिटी के प्रोजेक्ट को क्रियांवित करने के लिए केन्द्र से दो सौ करोड़ रूपये के प्रावधान किये जाने की मांग की है। ऊर्जा क्षेत्र में राज्य के दूरस्थ स्थानों की आवश्यकता को पूरा करने के लिए कम क्षमता के पचास से सौ मेगावाट वाले सोलर पार्क स्थापित किये जाने के अनुरोध किया है।

————————————————————

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने कहा है कि आंदोलन कर रहे बीपीएससी अभ्यर्थियों के साथ न्यायपूर्ण व्यवहार होना चाहिए। पटना में संवाददाताओं से बातचीत करते हुये उन्होंने कहा कि अभ्यर्थियों की मांग पर विचार के लिए बीपीएससी एक कमिटी बना कर संवेदनशीलता के साथ विचार करे।

---बाईट---

---

पटना के बापू परीक्षा परिसर में हंगामा और अव्यवस्था के बाद बीपीएससी की सत्तरवीं प्रारंभिक परीक्षा रद्द किये जाने के मुद्दे पर उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि राजद नेता अभ्यर्थियों के साथ खड़ा होने का दिखावा कर रहे हैं। श्री सिन्हा ने कहा कि राजद के लोग ही पेपर लीक और अन्य धांधलियियों में शामिल रहे हैं।

---बाईट---

इधर, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा है कि राज्य सरकार बीपीएससी अभ्यर्थियों के साथ मजाक कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य में पेपर लीक के तार नालंदा से ही जुड़ते हैं, इसकी जांच होनी चाहिए।

---बाईट---

---

राज्य के विभिन्न भागों में उत्पादित सब्जियों को अन्तरारष्ट्रीय बाजार तक पहुंचाया जायेगा। इसके लिए राज्य सरकार प्रदेश के सभी प्रखंडों मे सब्जी केन्द्र बनाये जायेंगे। जहां, सब्जियों के भण्डारण और वितरण संबंधी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। आकाशवाणी से बातचीत में यह जानकारी देते हुये सहकारिता मंत्री डॉक्टर प्रेम कुमार ने बताया कि इस महत्वाकांक्षी योजना को क्रियांवित करने के लिए सहकारिता विभाग प्रयास कर रहा है।

---बाईट---

---

खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के प्रधान सचिव डॉक्टर एन. सरवण कुमार ने कहा है कि प्रदेश में अब तक राज्यस्तर पर उपभोक्ता संरक्षण से जुड़े अठारह हजार से अधिक मामलों का निष्पादन हुआ है। आकाशवाणी समाचार से विशेष बातचीत में श्री कुमार ने बताया कि जिला स्तर पर उपभोक्ता आयुक्त के माध्यम से एक लाख पन्द्रह हजार मामलों में लोगों को राहत प्राप्त हुई है।

---बाईट---

उपभोक्ताओं के संरक्षण और उनके अधिकार पर डॉक्टर कुमार से आकाशवाणी समाचार की इस विशेष बातचीत को शाम सात बजकर बावन मिनट पर सामयिक चर्चा में सुना जा सकता है।

————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस महीने की उनतीस तारीख को दिन के ग्यारह बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। कार्यक्रम की यह एक सौ सत्रहवीं कड़ी होगी। श्रोता टोल फ्री नम्बर– एक आठ शून्य शून्य– एक एक– सात आठ शून्य शून्य पर कार्यक्रम के लिए अपने सुझाव भेज सकते हैं। इसके अलावा नरेंद्र मोदी ऐप या माय जीओवी ओपन फोरम के जरिये भी सुझाव साझा किये जा सकते हैं। लोग सत्ताईस दिसम्बर तक अपने सुझाव भेज सकते हैं।

————————————————————————

विश्व स्वास्थ्य संगठन–डब्ल्यूएचओ ने कहा है कि भारत ने मलेरिया रोग के मामलों और उससे जुड़ी मृत्यु दर कम करने में उल्लेखनीय प्रगति की है। स्वास्थ्य संगठन की वर्ष दो हजार चौबीस की विश्व मलेरिया रिपोर्ट में इस बात का उल्लेख किया गया है।

————————————————————————

राजगीर के स्टेट गेस्ट हाउस मैदान में आज से तीन दिवसीय राजगीर महोत्सव शुरू हो गया। महोत्सव का उद्‌घाटन ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने किया। इस वर्ष का विशेष आकर्षण, **जहां नारी–वहां विजय** थीम पर आधारित महिला महोत्सव है। इस दौरान विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम और खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जायेंगी। बॉलीवुड के जाने–माने सिंगर जुबिन नौटियाल, आज अपनी प्रस्तुति दे रहे हैं। कल दूसरे दिन स्थानीय कलाकारों का प्रदर्शन होगा। महोत्सव के अंतिम दिन इंडियन आईडल फेम पवनदीप और अरूणिता अपनी प्रस्तुति देंगी। महोत्सव में ग्रामश्री मेले के तहत देश के विभिन्न भागों से आये शिल्पकार और उद्यमी अपने उत्पादों को प्रदर्शित करेंगे।

————————————————————————

पटना जू में फिर से टॉय ट्रेन चलेगी। दानापुर रेलवे डिविजन और वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के बीच आज इस संबंध में समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किये गये। परियोजना के तहत नौ करोड़ अस्सी लाख रूपये की लागत से साढ़े तीन किलोमीटर से अधिक रेलवे लाईन बिछाई जायेगी। इस पर बैट्री चालित ईको फ्रेंडली टॉय ट्रेन चलेगी। इस अवसर पर विभागीय मंत्री डॉक्टर प्रेम कुमार और विभाग

की प्रधान सचिव बंदना प्रेयसी दानापुर रेल डिविजल के अधिकारी और अन्य लोग मौजूद थे।

—————————————————————

प्रदेश के अधिकतम और न्यूनतम तापमान में उतार–चढ़ाव की स्थिति बनी हुयी है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के कमजोर पड़ने के कारण अधिकांश स्थानों पर तापमान सामान्य से एक से दो डिग्री सेल्सियस अधिक दर्ज किया गया। मौसम पूर्वानुमान में कहा है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान मौसम में किसी विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है। विभाग ने अगले दो दिनों के बाद पश्चिमी विक्षोभ के फिर सक्रिय होने की सम्भावना जतायी है, जिससे ठंड में बढ़ोतरी होगी। विभाग ने कहा है कि सुपौल, पूर्णियां, कटिहार, सहरसा, मधेपुरा, अररिया, किशनगंज और भागलपुर जिले समेत राज्य के उत्तर–पूर्व और दक्षिण–पूर्व भागों में अधिकांश स्थानों पर घना कोहरा छाये रहने की सम्भावना है।

—————————————————————

आज पहला विश्व ध्यान दिवस है। इस दिवस का आयोजन शांति और कल्याण की भावना से जीवन जीने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से प्रारंभ किया गया है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों से ध्यान को अपनाने और दैनिक जीवन का अंग बनाने की अपील की है। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि ध्यान व्यक्ति और समाज के जीवन में शांति और समरसता लाने का सशक्त माध्यम है। श्री मोदी ने कहा कि तकनीक के मौजूदा दौर में, ऐप और वीडियो ध्यान को अपनाने में सहायक हो सकते हैं।

—————————————————————

सरकारी दूरसंचार सेवा प्रदाता कंपनी बीएसएनएल ने बेहतर कनेक्टिविटी के लिए फोर–जी योजना के तहत बिहार में दो हजार मोबाईल टावर साईट को ऑन एयर कर दिया है। बिहार दूरसंचार परिमंडल के प्रधान महाप्रबंधक शंकर प्रसाद ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दो सौ से अधिक गांव जो अबतक मोबाईल नेटवर्क के दायरे में नहीं थे, वहां भी फोर–जी मोबाईल सेवा चालू कर दी गयी है।

—————————————————————

पश्चिम चम्पारण जिला मुख्यालय बेतिया के सिरसिया में छापेमारी कर पुलिस ने डेढ़ करोड़ रूपये मूल्य की ढ़ाई किलो से अधिक चरस के साथ एक महिला समेत दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक शौर्य सुमन ने यह जानकारी दी।

—————————————————————

मधुबनी जिले के भारत–नेपाल सीमा क्षेत्र के बेतौनहा के पास एसएसबी ने दो तस्करों को तिरपन ग्राम ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

अररिया जिले के फुलकाहा सीमावर्ती थाना क्षेत्र से पुलिस ने छापेमारी कर लगभग उन्नीस किलो गांजा बरामद किया है। वहीं, जिले के फारबिसगंज थाना क्षेत्र से पुलिस और एसएसबी की टीम ने मादक पदार्थ ब्राउन शुगर के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

शिवहर जिले के तरियानी थाना क्षेत्र से पुलिस ने छापेमारी कर कुशहर हाई स्कूल के पास से तीन अपराधियों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. उपमुख्यमंत्री सह वित्त मंत्री सम्राट चौधरी ने बजट पूर्व मांग पत्र में पीएम गतिशक्ति रेलवे विश्वविद्यालय बनाने और फिल्म सिटी निर्माण के लिए बजटीय समर्थन की मांग की।

02. भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने कहा– आंदोलन कर रहे बीपीएससी अभ्यर्थियों के साथ न्यायपूर्ण व्यवहार होना चाहिए।

03. सहकारिता मंत्री प्रेम कुमार ने कहा– प्रदेश की सब्जियों को अन्तर्राष्ट्रीय बाजार मिलेगा। इसके लिए राज्य सरकार बना रही है सभी प्रखंडों में सब्जी केन्द्र।

04. और, नालंदा में तीन दिवसीय राजगीर महोत्सव शुरू। महोत्सव के दौरान **जहां नारी–वहां विजय** थीम पर आधारित कई कार्यक्रमों का हो रहा है आयोजन।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन प्रातः आठ बजकर अड़तालीस मिनट से प्रसारित किया जाएगा।